INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson – 6 लोकगीत	Topic: प्रश्ननोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 6 - लोकगीत

अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

प्रश्न-1 "लोकगीत' पाठ के लेखक कौन हैं?
उत्तर -"लोकगीत' पाठ के लेखक भगवतशरण उपाध्याय।

प्रश्न-2 लोकगीतों की रचना में किसका विशेष योगदान है?
उत्तर - लोकगीतों की रचना में स्त्रियों का विशेष योगदान है।

प्रश्न- 3 बंगाल का लोकगीत कौन- सा है ?
उत्तर - बंगाल का लोकगीत बाउल है।

प्रश्न- 4 स्त्रियाँ लोकगीत गाते समय किस वाद्य का प्रयोग करती हैं?
उत्तर- स्त्रियाँ ढोलक की मदद से लोकगीत गाती हैं।

लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

प्रश्न- 5 लोकगीत किससे जुड़े हैं ?
उत्तर-लोकगीत सीधे आम जनता से जुड़े हैं? ये घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं।

प्रश्न -6 हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं ?
उत्तर- हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत, होली के गीत, सावन के गीत (कजरी), जन्म उत्सव के गीत, विवाह के गीत, मटकोड़ के गीत, त्योहारों के गीत तथा नदी में नहाते समय के गीत आदि हैं।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -7 निबंध के आधार पर और अपने अनुभव के आधार पर (यदि तुम्हें लोकगीत सुनने के मौके मिले हैं तो) तुम लोकगीतों की कौन सी विशेषताएँ बता सकते हो ?

उत्तर- लोकगीतों की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं -

1 - लोकगीत ये आम जनता के गीत हैं।

2 - ये गीत, त्योहारों तथा विशेष अवसरों पर गाए जाते हैं।

3- ये आम बोलचाल की भाषा में गाए जाते हैं ।

4 लोकगीतों में लचीलापन और ताजगी होती है।

5 ये गीत मन को बहुत अच्छे लगते हैं।

लोच = लचीलापन, लचक (Flexibility)। झाँझ = दो काँसे की तश्तरियों से बना हुआ एक प्रकार का वाद्य यंत्र (A musical instrument)। करताल = एक प्रकार का वाद्य यंत्र (A kind of musical instrument)। हेय = हीन, तुच्छ (Inferior)। ओजस्वी = ओज भरा, प्रभावकारी (Effective) सिरजती = बनाती, सृजन करती (Creative)। आह्लावकर = हर्षकर (Amusing)। कृत्रिम = बनावटी (Artificial)। अबूझ = जो समझने योग्य न हो, क्लिष्ट (Difficult to understand)। बखान = वर्णन, बड़ाई, गुण-कथन (Description)। उल्लसित = खुश (Happy)। उद्दाम = बंधन रहित, बहुत ज्यादा (Boundless)। शास्त्रीय संगीत = नियम-सुर-ताल में बँधे (Classical music)। संग्रह = इकट्ठा (Collection)। परिवर्तन = बदलाव (Changes)। देहात = ग्रामीण (Rural)। ह्रास-गिरावट (Downfall)। दलीय गायन- मिलकर गाना (Group song)। कंठ-गला (Throat)1 लोकप्रिय-लोगों में प्रसिद्ध (Popular)। स्रोत-साधन (Source)।

****